दैनिक
RNI No. MPHIN/2018/77427
सच कहने का साहस
# चम्बल नवराष्ट्र
CHAMBAL NAVRASHTRA
web portal : cnnews.co.in
Email : guptavineet087@gmail.com
Share Events & News 8889307028
वर्ष -6 अंक-231
भोपाल, गुरुवार 01 अगस्त 2024
पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

# सोनिया बोलीं- माहौल हमारे पक्ष में है: महाराष्ट्र समेत 4 राज्यों के चुनावी नतीजे देश की राजनीति बदलेंगे

## भाजपा का काम सिर्फ बांटना

नई दिल्ली। एजेंसी

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी नेताओं से कहा कि कुछ ही महीनों में 4 राज्यों- महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। माहौल हमारे पक्ष में है। लोकसभा चुनाव में मिले जनता के समर्थन और भावनाओं को हमें बरकरार रखना है।

सोनिया ने कहा- हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। मैं यह कह सकती हूं कि यदि हम लोकसभा चुनावों की तरह ही 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो राष्ट्रीय राजनीति में भी बड़ा बदलाव आएगा।

सोनिया गांधी पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल (संविधान सदन) में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में बोल रही थीं। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी समेत सभी सांसद मौजूद थे।



## वायनाड लैंडस्लाइड में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी के सांसदों ने वायनाड लैंडस्लाइड और दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा।

27 जुलाई को भारी बारिश के बाद दिल्ली स्थित राव IAS स्टडी सर्कल बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन UPSC अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी। वहीं, केरल के वायनाड में 30 जुलाई को भारी बारिश के कारण हुए लैंडस्लाइड में अब तक मरने वालों की संख्या 175 पहुंच गई है।

## 4 राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होंगे

इस साल महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस राज्यों के चुनावों की तैयारी में जुटी है। इससे पहले जून में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी ने चार राज्यों के नेताओं के साथ कांग्रेस मुख्यालय में 24 से 27 जून के बीच स्ट्रैटजी मीटिंग की।

## झारखंड के 12 वें राज्यपाल बने संतोष गंगवार

रांची। एजेंसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार झारखंड के नए राज्यपाल बन गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन सहित झारखंड के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली है। झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसएन प्रसाद पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। संतोष गंगवार शपथ लेने के लिए कल ही रांची पहुंचे। मंगलवार शाम को रांची एयरपोर्ट पहुंचे। राजभवन पहुंचने से पहले उन्हें बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर



'गार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार रात झारखंड और छत्तीसगढ़ समेत आधा दर्जन राज्यों में नया राज्यपाल को नियुक्त किया है। बरेली के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार को झारखंड का नया राज्यपाल बनाया गया है।

## केशव को हटाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका

### दलील- मौर्य पर 7 केस, डिप्टी सीएम नहीं रह सकते

प्रयागराज। एजेंसी

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल हुई है। ये याचिका केशव के उस बयान को लेकर है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार से बड़ा संगठन होता है। हाईकोर्ट के वकील मंजेश कुमार यादव ने याचिका दायर की है।

जिसमें उन्होंने कहा- मौर्य के खिलाफ 7 केस भी दर्ज हैं। इसलिए वो संवैधानिक पद पर नहीं



रह सकते। दरअसल, 14 जुलाई को डिप्टी सीएम ने सरकार और संगठन पर बयान दिया था। जिसमें उन्होंने संगठन को बड़ा बताया था। बाद में X पर भी यही बात पोस्ट की थी।

मंजेश यादव ने याचिका में कहा- केशव मौर्य का यह कहना कि सरकार से बड़ा संगठन होता है, उनके पद की गरिमा को कम करता है। साथ ही सरकार की पारदर्शिता पर संदेह पैदा करती है। भाजपा, राज्यपाल और चुनाव आयोग, सभी की ओर से कोई प्रतिक्रिया या खंडन न करना, इस मुद्दे को और जटिल बनाता है।

## हाईकोर्ट बोला- दिल्ली कोचिंग हादसा अफसरों की मिलीभगत से हुआ

**नई दिल्ली। एजेंसी** दिल्ली के राउ IAS कोचिंग के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। कुटुंब ट्रस्ट की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव की बेंच ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (MCD) को जमकर फटकार लगाई। बेंच ने कहा- इस तरह की घटनाएं सिस्टम की नाकामी है। ये सब अफसरों की मिलीभगत से हुआ है। सभी ब्लेम-गेम खेल रहे हैं।

## मोदी ने लिखा- अनुराग ठाकुर की लोकसभा स्पीच जरूर सुनें

### कांग्रेस बोली- PM ने संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन किया

नई दिल्ली। एजेंसी

संसद का मानसून सत्र चल रहा है। अनुराग ठाकुर के बजट पर दिए भाषण पर विवाद हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने X पर लिखा कि अनुराग ठाकुर की लोकसभा में दी गई स्पीच जरूर सुनें। इसमें तथ्यों और हास्य का परफेक्ट मिक्स है। यह भाषण INDI गठबंधन की गंदी राजनीति को उजागर करता है।

मोदी के इस बयान को कांग्रेस ने संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन, बेहद अपमानजनक और असंवैधानिक टिप्पणी करार दिया। कांग्रेस ने ये भी



कहा कि अनुराग ठाकुर का भाषण दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग (OBC) को नीचा दिखाता है।

अनुराग ठाकुर ने 30 जुलाई को लोकसभा में कहा था कि उनकी जाति का पता नहीं और वे जाति जनगणना की बात करते रहते हैं। अनुराग ने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया था। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि अनुराग ने राहुल गांधी के लिए ऐसा कहा। बयान को लोकसभा की कार्रवाई से हटा दिया गया है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने X पर लिखा- नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ने स्पीच के लिए लिखा- जरूर सुनें। यह बेहद अपमानजनक और असंवैधानिक है। पीएम ने भाषण को शेयर भी किया। यह संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन को बढ़ावा देने जैसा है।

## विधानसभा में राजा भैया बोले- क्रांति आ जाएगी विधेयक पर अपनों से घिरी योगी सरकार

### विरोध में उतरे विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन बाजपेयी

लखनऊ। एजेंसी

यूपी सरकार नजूल विधेयक पर चौतरफा घिर गई है। भाजपा के ही विधायक सरकार के विरोध में उतर आए। प्रयागराज से विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन बाजपेयी ने विरोध किया है। कहा- मोदीजी आवास दे रहे हैं। आप उन्हें बेघर करना चाहते हैं।

वहीं, कुंडा से विधायक राजा भैया ने कहा- इलाहाबाद



हाईकोर्ट भी नजूल की जमीन पर बना है, क्या उसे भी हटवा देंगे। अगर लोगों को बेघर किया गया तो बड़ी क्रांति आ जाएगी। फिलहाल, सरकार ने हंगामे के बीच विधेयक को पास करा लिया है।

इधर, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव कार्यस्थगन प्रस्ताव पर तीसरी बार बोलना चाहते थे, लेकिन उन्हें स्पीकर कुंवर मानवेंद्र सिंह ने रोक दिया। इस पर वह गुस्सा हो गए। वह अपने सदस्यों के साथ वेल तक पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। विधानसभा और विधान परिषद कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

चंबल अंचल

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, गुरुवार 01 अगस्त 2024



# विजयपुर के प्राचीन हनुमान मंदिर से गहनों की हुई चोरी, श्रद्धालुओं में दिखा आक्रोश

**दिलीप कुशवाह**

## मंदिर मे लगे सीसीटीवी पहले से पड़े खराब, चोरो तक पहुँचने मे पुलिस के लिए होगी चुनौती

**विजयपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** विजयपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर से मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने 5 किलो 500 ग्राम चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली गई है जिसकी सूचना मंदिर के पुजारी ने पपुलिस को दी है सूचना पर पहुची विजयपुर थाना पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है लेकिन पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा है बताया जा रहा है कि विजयपुर विधायक रामनिवास रावत के द्वारा इन आभूषणों को भेंट किया गया था लेकिन वह अब चोरी हो गए हैं यह घटना मंगलवार की दरमियानी रात को घटित हुई है जहां पर विजयपुर से 9 किलोमीटर दूर जंगल के इलाके में बने प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर से 5 लाख के करीब के आभूषणों को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए हैं चोरी की घटना की जानकारी जैसे ही श्रद्धालुओं को लगी तो मौके पर भीड़






भी देखने को मिल रही है वही चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द चोरों का पता



लगाकर मंदिर के आभूषणों को जल्द लाया जाए नही तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा ।

आपको बता दे मंदिर पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी केमरे प्रशासन के द्वारा लगाए गए थे लेकिन यह सीसीटीवी बंद पाए गए है अगर प्रशासन पहले ही सीसीटीवी केमरो को चालू करवा लेता तो यह चोरी काफी हद तक रोकी जा सकती थी एवं चोर को ढूढने मे पुलिस को आसानी होती लेकिन बिना सुराग के अब पुलिस को चोरी का पता लगाने मे एडी चोटी का जोर लगाना होगा।

### मंदिर से हुई चोरी को लेकर आज बाजार बंद कर मुख्यमंत्री ने नाम सौपा जायेगा ज्ञापन

विजयपुर के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर पर से हुई चोरी को लेकर नगर के लोगों ने बाजार बंद की घोषणा कर दी है आज सुबह 10 बजे नगर के गणमान्य नागरिक एकत्रित हो कर फाटक बाले हनुमानजी के मन्दिर से मुख्य मार्ग से चलकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयपुर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे वहीं लोगों का कहना है कि जब मंदिर पर गार्ड की तैनाती पहले से ही थी तो फिर मंदिर से इतनी बड़ी चोरी की घटना कैसे घटित हो गई यह सबसे बड़ा सबाल बना हुआ है।

### इनका कहना है

रात को 11 बजे के वाद हम लोग सोने चले गए तब आभूषण थे लेकिन सुबह देखा तो आभूषण गायब थे किसी चोर ने इस घटना को अंजाम दिया है प्रशासन से आग्रह है कि चोर को जल्द गिरफ्तार किया जाए ।

**दिलीप मुदगल**
**मंदिर पुजारी**

### इनका कहना है

हाँ यह बात सही है मंदिर से गहनो की चोरी हुई है अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है चोर को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा ।

**पी एन गोयल**
**एसडीओपी विजयपुर**

# नौनिहालो के साथ प्राइवेट स्कूल संचालक की बेदर्दी

## मासूम बच्चों को मुर्गा बनाकर घंटे भर तक दी पनिसमेंट, वीडियो वायरल




**दिलीप कुशवाह**





**विजयपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** आखिर इन मासूम बच्चों का क्या कसूर है सहाब जहां एक ओर शिक्षा को विकसित बनाने के लिए सरकार कुछ ना कुछ जतन करती आ रही है लेकिन शिक्षा माफिया जो नौनिहाल बच्चों पर जुल्म ढहाने का कार्य कर रहे हैं जिनको न प्रशासन का भय ना ही नौनिहाल बालको के परिजनों का कुछ ऐसी ही तस्वीर है विजयपुर की जहा सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है एक आशाश्कीय स्कूल संचालक के द्वारा ही बच्चों को पनिशमेंट के तौर पर मुर्गा बनाने की सजा दी गई है एवं बच्चियों के हाथ ऊपर कर खड़ा किया गया है शिक्षक को इन मासूम बच्चों पर तनक भी रहम नहीं आया है मासूम बच्चे सीखते चिल्लाते रहे लेकिन शिक्षक द्वारा बच्चों पर रहम नहीं किया गया यह पूरा मामला मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के विजयपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत दोर्द गांव में संचालित बंदना कॉन्वेंट प्राइवेट स्कूल का है जो शासकीय मान्यता लेकर संचालित किया जा रहा है जिसमे ग्रामीण अंचल के 1 सेकडा से अधिक बच्चे पढ़ने आते है स्कूल संचालक जितेंद्र कुशवाह के द्वारा पहले छात्रों को पनिशमेंट के तौर पर मुर्गा बनाया जाता है एवं छात्राओं को हाथ ऊपर कर घंटे भर तक खड़ा किया जाता है इतना ही नहीं स्कूल संचालक की बेरहमी यह भी दर्शाती है के बच्चों का वीडियो बनाकर अपनी फेसबुक आईडी पर भी शेयर कर दिया जाता है जो वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है हालांकि ऐसे स्कूल संचालकों पर विभाग द्वारा कार्रवाई की बात कही जा रही है लेकिन क्या वाकई ऐसे स्कूल संचालक पर प्रशासन कार्रवाई करेगा या फिर प्राइवेट स्कूल संचालक को बचाने मे विभाग ही साथ देगा यह तो देखने बाली बात होगी ।

### इनका कहना है

वरिष्ठ कार्यालय से निर्देश प्राप्त हुआ है हम इस मामले की जांच कर रहे हैं अगर मामला सत्य पाया गया तो स्कूल संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

**हरिशंकर गर्ग**
**बीईओ विजयपुर**

## श्योपुर जनपद की पांडोला ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत हो रहे भ्रष्टाचार का मामला...

# मनरेगा में हो रही मनमानी पर हरकत में आया प्रशासन, जिला पंचायत सीईओ ने दिए जांच के आदेश

**जगदीश प्रजापति**




**श्योपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )** श्योपुर जनपद पंचायत की पांडोला ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा मनरेगा के कार्यों में फर्जी तरीके से लाखों रुपए का गबन करने के मामले में आखिरकार प्रशासन जागा है। जिला पंचायत सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर ने बुधवार को इस मामले में संज्ञान लेते हुए एक जांच दल गठित कर मामले की जांच करने के निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत पांडोला के सरपंच सचिव द्वारा शासन प्रशासन के नियमों को सीधे तौर पर चुनौती देते हुए बारिश के मौसम में भी मनरेगा के कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। असलियत में सरपंच सचिव द्वारा मौके पर कार्य ना कराते हुए फर्जी तरीके से मस्टर भरकर प्रतिदिन लाखों रूपए शासन के खजाने से ऐंठे जा रहे थे। इस मामले की वास्तविकता उजागर करते हुए दैनिक चम्बल नवराष्ट्र तीन बार इस मामले की हकीकत उजागर कर रहा था लेकिन जनपद पंचायत के चंद नुमाइंदों की मिलीभगत के चलते ऐसे भ्रष्ट सरपंच सचिव पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। बुधवार को श्योपुर जिला पंचायत सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर ने मामले पर संज्ञान लेकर जांच के आदेश दिए हैं। शीघ्र

**सरपंच पर होगी एफआईआर, सचिव पर लटकी निलंबन की तलवार:** ग्राम पंचायत पांडोला में मनरेगा योजना के तहत फर्जी मस्टर भरकर लाखों रुपए आहरित करने के मामले में जांच के आदेश होने के बाद जनपद पंचायत श्योपुर में हड़कंप का माहौल है।

सरपंच संघ में सुगबुगाहट हो है कि इस मामले में यदि निष्पक्ष जांच होती है तो पांडोला सरपंच पर शासकीय कार्य में गबन करने के मामले में एफआईआर दर्ज हो सकती है वहीं सरपंच द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार में साथ देने के फलस्वरूप सचिव पर निलंबन एवं रोजगार सहायक पर बर्खास्तगी की गाज गिरने की संभावना है।

इसके साथ ही जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा इस मामले में कार्रवाई नहीं करने का खामियाजा उन्हें उठाना पड़ सकता है। यहां बता दें कि पांडोला ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव द्वारा बिना कोई परवाह किए फर्जी तरीके से मस्टर भरे गए हैं। साथ ही मजदूरों के खाते में बिना किसी कार्य के मजदूरी का भुगतान किया गया है।

## राजस्व महाअभियान 2.0 को अधिकारी प्राथमिकता से लें: कलेक्टर

**मुरैना।** क्रॉसर व रेड में राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत राजस्व के सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें। किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए, राजस्व महाअभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस अभियान को अधिकारी प्राथमिकता से लें। यह निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने बुधवार को जौरा अनुभाग के बर्रेड गांव में आयोजित राजस्व महाअभियान के शिविर को संबोधित करते हुये दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, जौरा एसडीएम प्रदीप सिंह तोमर, तहसीलदार कल्पना कुशवाह, नायब तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे।

# आरसेटी श्योपुर द्वारा आयोजित कम्प्यूटराईज्ड अकाउंटिग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**श्योपुर/( चम्बल नवराष्ट्र )** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) श्योपुर में दिनांक 01.07.2024 से 30.07.2024 तक संचालित 30 दिवसीय कम्प्यूटराईज्ड अकाउंटिग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें कुल 35 ग्रामीण युवक प्रशिक्षणार्थियो ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण डी.एस.टी. सर्टीफाईड आकाश यादव के द्वारा दिया गया। समापन अवसर पर श्री राम चौधरी निदेशक आरसेटी श्योपुर द्वारा प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण -पत्र वितरित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय ऋण संबंधित योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की गई व प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा साथ ही बताया गया कि वह किस प्रकार आत्मनिर्भर होकर अपनी आजीविका को विकसित कर सकते है।

समापन अवसर पर उपस्थित राम चौधरी निदेशक आरसेटी श्योपुर, मोहर सिंह भदोरिया डी.एम.स्किल एस.आर.एल.एम. श्योपुर, हरेश श्रीवास्तव असेसर, पंकज कानवा , दीपक शर्मा, लेखराज सिंह व ब्रजेश गौड़, विशाल गौड़, महावीर शर्मा तथा आरसेटी श्योपुर के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# अब अग्रवाल समाज का भव्य परिसर होगा, 5 बीघा जमीन दी अशोक गोयल ने महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट का गठन हुआ, प्रमुख आयोजन हो सकेंगे

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)**

ग्वालियर में भी अब आगरा, जयपुर, उदयपुर, भरतपुर, दिल्ली व हरिद्वार व देश के अन्य बडे शहरों की तरह अग्रवाल समाज का भव्य भवन व परिसर होगा, जिसमें अग्रवाल समाज के बडे आयोजनों सहित विवाह समारोह व अन्य कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे। इसके लिए अग्रवाल समाज के प्रमुख व श्री अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अशोक गोयल ने आज 5 बीघा जमीन(1 लाख, 12 हजार 500 वर्गफुट जमीन) दे दी है। यह जमीन अब श्री महाराजा अग्रसेन अग्रवाल सेवा न्यास के अधीन होगी। न्यास ट्रस्ट के गठन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।



उक्त जानकारी श्री महाराजा अग्रसेन अग्रवाल समाज सेवा न्यास के अशोक गोयल, अजय बंसल, अरविंद दूदावत व मुकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि यह जमीन ग्वालियर - शिवपुरी नये बायपास पर ग्राम पुरासानी में दी गई है। जिस पर भवन व परिसर बनने से ग्वालियर के अलावा , शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, दतिया, झांसी, मुरैना, धौलपुर, भिंड, श्योपुर आदि शहरों के अग्रवाल समाज के लोगों को सहूलियत होगी, जिसमें वह अपने विभिन्न आयोजन कर सकेंगे।

न्यास के अशोक गोयल , अजय बंसल , अरविंद दूदावत के अनुसार श्री अग्रवाल महासभा के द्वारा काफी समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि अग्रवाल समाज का एक बडा भवन परिसर होना चाहिये जिसे अग्रवाल समाज के शादी विवाह पारिवारिक उत्सव, सामाजिक एवं धार्मिक सांस्कृतिक , वृद्धजनों , महिलाओं ,बच्चों के रूचि के अनुसार आयोजन के लिये उपयोग में लिया जा सके। आज अग्रवाल समाज द्वारा बडे भवन परिसर आगरा, जयपुर, उदयपुर, भरतपुर, दिलली एवं देश के इ्ठु लगभग सभी बडे शहरों में हैं।

उन्होंने बताया कि श्री अग्रवाल महासभा के समय-समय पर निर्वाचित पदेन अध्यक्ष , सचिव और कोषाध्यक्ष इस संस्था के ट्रस्टी रहेंगे। श्री महाराजा अग्रसेन अग्रवाल समाज सेवा न्यास द्वारा संस्थापक ट्रस्टी बनाए गए हैं और प्रसन्नता का विषय है कि ट्रस्ट में अभी से ही 21 आजीवन वंशानुगत ट्रस्टी बन चुके हैं।

गोयल व बंसल के अनुसार ट्रस्ट की उक्त संपत्ति की व्यवस्था के लिए अस्थाई रूप से एक सात सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया है। जिसमें पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल महासभा विष्णु जैन, सीनियर एडवोकेट पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता अरविंद दूदावत, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति साइंस कालेज एवं प्रमुख आर्कीटेक्ट अजय बंसल, सोनालिका ग्रुप एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश सर्व वैश्य समाज मुकेश अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव कैट रवि गुप्ता , पूर्व महामंत्री अग्रवाल महासभा सुरेश बंसल, अग्रवाल महासभा उपाध्यक्ष मोहन गर्ग शामिल है। इसके अलावा होटल आदित्य आज के डॉ दीपेन्द्र टमोटिया , उद्योगपति नरेश अग्रवाल, एच जी ग्रुप धीरज प्रकाश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष चेंबर ऑफ कामर्स अरविंद अग्रवाल, होटल रेडिसन मयंक गर्ग, व्यवसायी नितिन बंसल, रंगवाले आनंद अग्रवाल, ज्वैलर्स केके अग्रवाल, अध्यक्ष नयाबाजार होलसेल क्लाथ एसोसियेशन राजकुमार गर्ग, किडीज कार्नर विजय गर्ग, बिल्डर शरद गर्ग, अध्यक्ष श्री महाराजा अग्रसेन सेवा न्यास अतुल कुमार अग्रवाल, व्यवसायी राजेश गुप्ता व सीए सुनील गुप्ता ट्रस्टी बने हैं।

इससे पूर्व श्री अग्रवाल महासभा अध्यक्ष अशोक गोयल , अजय बंसल, अरविंद दूदावत, मुकेश अग्रवाल, पत्रकार विनय अग्रवाल राजीव अग्रवाल आदि ने महाराजा अग्रसेन व मां लक्ष्मी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन भी किया। इस अवसर पर तरूण गोयल, नरेन्द्र सिंघल, नितिन बंसल, महेन्द्र अग्रवाल आदि भी उपस्थित रहे।

## महासेन सेवा समिति का हरियाली तीज महोत्सव 2 अगस्त को

**ग्वालियर(चम्बल नवराष्ट्र)**

महासेन सेवा समिति का हरियाली महोत्सव 2 अगस्त को दोपहर 3ः00 बजे से रोशनी घर स्थित होटल वेद मंत्रा में मनाया जाएगा उक्त जानकारी संस्था की अध्यक्ष ममता गोयल एवं सचिव आशा गोयल ने दी उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की हरियाली तीज महोत्सव में समिति के सभी सदस्यों को हरे वस्त्र पहनकर आना अनिवार्य है वही कार्यक्रम में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# शहीद ऊधम सिंह के बलिदान दिवस पर भाजपा ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र )**स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह जी के बलिदान दिवस पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मेला परिसर स्थित शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प रूपी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि देश के लिए शहीद ऊधम सिंह के बलिदान को भुलाया नही जा सकता है। युवा को ऐसे बलिदानी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जो हम आज़ादी का आनंद ले रहे हैं यह ऊधम सिंह जैसे बलिदानियों की कुर्बानियों की ही बदौलत है।

इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयसिंह कुशवाह, वरिष्ठ नेता अशोक पटसारिया, जिला महामंत्री विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, रामेश्वर भदौरिया, राजू सेंगर, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**ग्वालियर(चम्बल नवराष्ट्र)**

जी वाय एम सी क्लब द्वारा बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ गौरव सेठ (गठिया रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ विपिन गुप्ता (श्वास एवं छाती रोग विशेषज्ञ) ने 75 से अधिक रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। इस अवसर पर जी वाय एम सी क्लब अध्यक्ष जे.पी.सिंह, क्लब उपाध्यक्ष बालकिशन शिवहरे, क्लब सचिव रंजीत पंजवानी, उप सचिव लाला शिवहरे, जगदीश उपाध्याय (कल्ली पंडित) , कंचन राव सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

**आईजी ग्वालियर जोन का वार्षिक निरीक्षण**

# आईजी ग्वालियर ने एसपी ऑफिस का किया वार्षिक निरीक्षण, संबंधित को दिये लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

## पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन ने पार्क में पौधारोपण भी किया

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )** - पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अरविन्द कुमार सक्सेना(भापुसे) द्वारा जिले के वार्षिक निरीक्षण के दौरान आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय ग्वालियर का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा कार्यालय में लंबित शिकायतों व कर्मचारियों के प्रकरणों की समीक्षा की जाकर रिकॉर्ड का उचित संधारण करने के निर्देश संबंधित को दिये गये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह(भापुसे) एवं अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर कार्यालय की शाखाओं में जाकर लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की



और उनके यथाशीघ्र निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन द्वारा वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय की आर्म्स शाखा का निरीक्षण किया गया और लंबित आर्म्स प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आपराधिक प्रकरण वाले आर्म्स लायसेंसधारियों के लायसेंस निरस्ती संबंधी प्रकरणों का भी अवलोकन किया गया। इसके बाद आईजी ग्वालियर ने कोर्ट शाखा का भी निरीक्षण किया और माननीय न्यायालय के लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण उपरान्त पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन एवं पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा कार्यालय में स्थित पार्क में पौधारोपण किया गया।

# सिंधिया कन्या विद्यालय में नृत्यांजलि आई.पी.एस.सी. डांस फैस्ट का हुआ समापन

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)**

सिंधिया कन्या विद्यालय में तीन दिवसीय समारोह नृत्यांजलि आई.पी.एस.सी. डांस फैस्ट का समापन हुआ। यह समारोह सिंधिया कन्या विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निशी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजया शर्मा उपस्थित थी। निर्णायक मंडल के रूप में लवकेश धालीवाल तथा , राहुल शर्मा उपस्थित थे ।

समापन समारोह में सिंधिया कन्या विद्यालय की 22 छात्राओं ने ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुति दी। उन्होंने राग देश(तीन ताल) के साथ-साथ कुछ फिल्मी गीत प्रस्तुत किए । छात्राओं ने तबला, सितार, वायलिन, सरोद, गिटार जैसे विभिन्न वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यालय प्राचार्या श्रीमती निशी मिश्रा को बधाई दी और उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचार्या के परिश्रम से ही यह




स्कूल ऊंचाइयों तक पहुँच पाया है। विद्यालय हैड गर्ल मनस्वी मुद्गल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। समस्त विद्यालयों से ऐ एस्कॉर्ट्स , निर्णायक मंडल तथा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए।

इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या- श्रीमती निशी मिश्रा, उप प्राचार्या-श्रीमती गरिमा सांधु बरसर- सेल्विन माईकेल, , इवेंट कोऑर्डिनेटर- श्रीमती शिवांगी सहाय, श्रीमती कविता पिल्लई, मीडिया प्रभारी -श्रीमती वैशाली श्रीवास्तव, , श्रीमती शालिनी अग्रवाल, श्रीमती निधि चतुर्वेदी, उर्वशी पांडे गीता कोहली , सुमन चौधरी,भुजिंग राव , गीता जादौन, गीतांजलि , मोहसिन खान, श्रीमती नेहा तोमर तथा समस्त स्टाफ उपस्थित था।

संपादकीय

# मनु की विजयी धुन


अब तक जो हरियाणा पदक जीतने वाले पहलवानों के लिये जाना जाता था, अब उसे निशानेबाजी की नई पहचान मिली है। रविवार को मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीत भारत के लिये पदकों की शुरुआत की। मंगलवार को मंगल हुआ और झज्जर की मनु और अंबाला के सरबजोत सिंह ने तीन दिन के भीतर दूसरा कांस्य पदक जीतकर पेरिस में दमखम दिखाने गए खिलाड़ियों के दल और देश का उत्साह बढ़ाया। मनु उस हरियाणा की हैं जो कभी लैंगिक भेदभाव के लिये जाना जाता था। हालांकि, अब हालात बदले हैं। मनु की दोहरी सफलता का संदेश साफ है कि 'बेटी पढ़ाओ, खूब खेलाओ।' मनु ने दो कांस्य पदक ही नहीं जीते, कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी ही नहीं बनी, बल्कि भारत की ओर से एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी भी बनी। मनु की यह उपलब्धि इस मायने में भी खास है कि टोक्यो ओलंपिक में उसकी पिस्टल में खराबी आने के कारण वह जीत के दरवाजे के बाहर से ही लौट आयी थी। वह लंबे समय तक तकनीकी कारणों से मिली असफलता के तनाव से जूझती रही। लेकिन उस असफलता के अवसाद को दरकिनार कर दोहरी सफलता पाना निश्चित रूप से तमाम युवाओं के लिये प्रेरणा की मिसाल है। दस मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु और सरबजोत सिंह की कामयाबी भी कई मायनों में खास है क्योंकि उन्होंने कोरिया के दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर यह सफलता हासिल की। कोरियाई टीम में एक वह शूटर भी शामिल थी जिसने रविवार के दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नये ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। यह जीत इन खिलाड़ियों के मजबूत मानसिक स्तर की ही परिचायक है क्योंकि शूटिंग के खेल में गहरी मानसिक एकाग्रता व ऊंचे आत्मविश्वास की जरूरत होती है। वैसे मनु भाकर ने पिछली असफलता को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने का जो जुनून दिखाया वह हर खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिये भी प्रेरणादायक है। दरअसल, वर्ष 2021 के टोक्यो ओलंपिक के दुस्वप्न से मिली असफलता के चलते एक समय ऐसा भी आया कि मनु का मन शूटिंग से खिन्न होने लगा। वहीं मनु का कैरियर संवारने के लिये अपना मरीन इंजीनियर का कैरियर छोड़ने वाले पिता रामकिशन भाकर ने बेटी के सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्हें विश्वास था कि वर्ष 2018 में महिला विश्व कप में एक ही दिन में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली मनु में खेल की अपार संभावनाएं छिपी हैं। तब उसने दो बार की विश्व विजेता मैक्सिको की खिलाड़ी को हराया था। इसी प्रदर्शन के बूते मनु ने टोक्यो ओलंपिक में जगह बनायी थी। टोक्यो ओलंपिक में नाकामी के बाद कोच जसपाल राणा से हुआ विवाद अब अतीत का किस्सा है। भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करने वाली मनु ने कालांतर सोच बदली। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी जानते थे कि मनु में इतिहास की नई इबारत लिखने की संभावना निहित है। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। निस्संदेह, देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें वह वातावरण देने की, जिसमें उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। आर्थिक सहायता से मनपसंद का कोच रखना संभव हुआ। प्रशिक्षण के लिये जर्मनी व स्विट्ज़रलैंड भेजा गया।

# माननीयों की फिसलती जुबान और जवाबदेही

**विश्वनाथ सचदेव**

जब दिल्ली में किसानों का आंदोलन चल रहा था तो प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ लोगों के लिए एक शब्द काम में लिया था आंदोलनजीवी! उनका यह शब्द विपक्ष के लिए था, और विपक्ष के कई सदस्यों ने प्रधानमंत्री के इस प्रयोग पर आपत्ति भी प्रकट की थी। पता नहीं इस शब्द को असंसदीय कहा गया था या नहीं, पर यदि अब यह शब्द बोला गया तो निश्चित है इसे संसद की कार्रवाई के विवरण से हटा दिया जायेगा। यह बात इसलिए कही जा सकती है कि संसद में जुमलाजीवी शब्द को आपत्तिजनक माना गया है। इसी तरह कुछ और शब्द हैं जिन्हें हमारी संसद में असंसदीय माना गया है। अराजकतावादी, शकुनी, तानाशाह, जयचंद, विनाश पुरुष, खून से खेती जैसे और भी कई शब्द हैं जिन्हें संसद की कार्रवाई से हटा दिया गया है।

कुछ शब्दों को बोलने पर रोक लगाने की यह परिपाटी क्यों शुरू की गई थी, पता नहीं, पर चौबीसों घंटे के समाचार चैनलों वाले इस युग में किसी शब्द को 'कार्रवाई से निकाल दिये जाने' का कोई खास मतलब रह नहीं जाता। अब संसद के दोनों सदनों की कार्रवाई 'लाइव' दिखाई जाती है। जब जो शब्द वहां बोला जाता है, सारी दुनिया तत्काल देख-सुन सकती है। ऐसे में किसी शब्द को रिकॉर्ड में न रखे जाने से क्या फर्क पड़ता है? फर्क तो तब पड़ेगा जब बोलने वाले को यह अहसास हो कि वह कुछ अनुचित तो नहीं बोल रहा। जैसे मीडिया के लिए यह कहा जाता है कि वह अपनी मर्यादा स्वयं निर्धारित करे, वैसे ही सांसदों और विधायकों से भी यह उम्मीद की जाती है कि वे बोलने से पहले अपने शब्दों को तौल लिया करें। वैसे, अपेक्षा तो हर व्यक्ति से



यह की जाती है कि वह तोल कर बोले, पर जनतांत्रिक व्यवस्था में इस बारे में भी हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों का आचरण बाकियों के लिए आदर्श होना चाहिए। पर, सदन में जिस तरह का अप्रिय व्यवहार अक्सर दिख जाता है, उससे यह शंका होनी स्वाभाविक है कि हमारे नेता अपने बोले गये के प्रति कोई सावधानी बरतने के लिए सजग भी हैं अथवा नहीं?

शोर-शराबा, नारेबाजी, टोका-टाकी आदि तो स्वाभाविक है, पर इसकी भी कोई सीमा तो होनी चाहिए। सीमा के अतिक्रमण को हम कई बार देख-सुन चुके हैं। हमने अपने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को एक-दूसरे पर शब्द से ही नहीं हाथों से भी हमले करते देखा है।

यह कहना तो गलत होगा कि हमारे प्रतिनिधि हमेशा आपत्तिजनक व्यवहार करते हैं, लेकिन सही यह भी है कि कई बार सदनों में संवादहीनता की स्थिति सीमाएं लांघ जाती है। इन सीमाओं का सम्मान होना चाहिए। संसद सड़क नहीं है। यूं तो सड़क पर भी व्यक्ति के व्यवहार की सीमाएं होती हैं, पर सदन के भीतर जो कुछ होता है वह आम नागरिक के लिए आदर्श व्यवहार का एक उदाहरण होना चाहिए। संसद के सदनों में, या विधानसभाओं में, जो कहा जाता है, जो किया जाता है, वह उच्चतम स्तर का होना चाहिए। सदन में होने वाली बहस तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए, शालीन होनी चाहिए। आज सवाल 'चाहिए' और 'है' के बीच के अंतर को समझने का है।

सदन के भीतर हमारे प्रतिनिधि जो कहते हैं जिस तरह की शब्दावली काम में लेते हैं, उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। यह पीठासीन अधिकारी के विवेक पर निर्भर करता है कि वह किस शब्द को असंसदीय माने और उसे सदन की कार्रवाई से हटाने का निर्णय ले। असंसदीय मानी जाने वाली शब्दावली भी पीठासीन अधिकारी के विवेक का ही परिणाम होती है। इस संदर्भ में अक्सर विवाद होता है। अक्सर सांसद या विधायक अपने कहे को अनुचित मानने को लेकर आपत्ति करते हैं। जुमलाजीवी या बालबुद्धि या विनाश पुरुष जैसे शब्दों पर प्रतिबंध को लेकर भी विवाद सामने आये हैं। अक्सर विपक्ष के सदस्यों की शिकायत यह रहती है कि शब्दों को असंसदीय घोषित करके बोलने के उनके अधिकार का हनन किया जाता है, एक तरह से उनका गला घोंटा जाता है।

संसद के चालू सत्र के दौरान भी ऐसी बात कही गई है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि 'सरकार की वास्तविकता को उजागर करने वाले शब्दों को संसद की कार्रवाई से हटा दिया गया है।' लेकिन लोकसभा के स्पीकर का मानना है कि शब्दों पर प्रतिबंध लगाना और शब्दों को कार्रवाई से हटाने में अंतर होता है- 'कोई भी सरकार संसद में बोले जाने वाले शब्दों पर प्रतिबंध नहीं लगा सकती।'

तकनीकी दृष्टि से देखा जाये तो स्पीकर का कहना सही लगता है। लेकिन सदस्य द्वारा बोले गये किसी शब्द को सदन की कार्रवाई से हटाए जाने का मतलब प्रतिबंध से कम भी नहीं है। सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष का एक-दूसरे के व्यवहार को अनुचित ठहराना स्वाभाविक माना जा सकता है, पर जब विपक्ष को यह लगता है कि वह सारे शब्द कार्रवाई के विवरण से हटा दिये गये हैं जो सरकार की वास्तविकता को सामने लाते हैं तो 'असंसदीय शब्दों' को हटाने की परिपाटी पर सवाल तो उठता है।

लेकिन सवाल माननीय सदस्यों के व्यवहार का भी है। निर्वाचित प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा करना कतई गलत नहीं है कि वह मर्यादित आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे और सही यह भी है कि सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष, दोनों, मर्यादा लांघते दिख जाते हैं। बोलने में चूक हो सकती है, पर ज़रूरी है ऐसी चूक को तत्काल सुधारने का प्रयास हो। संसद के इस बजट सत्र की शुरुआत में सदन के बाहर अपने परंपरागत भाषण में प्रधानमंत्री ने जब यह कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर जब वे बोल रहे थे तो 'ढाई घंटे तक उनका गला घोंटने की कोशिश विपक्ष करता रहा' तो यह गला घोंटने वाली उनकी बात कइयों को अटपटी लगी थी।

# आजादी और समानता के लिए दी शहादत

**अरुण कुमार कैहरबा**

भारत का स्वतंत्रता आंदोलन अनेक क्रांतिकारियों की वीरगाथाओं से भरा हुआ है, जो देश को आजाद करवाने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। उन्हीं में से एक थे शहीद उधम सिंह जिनकी देशप्रेम की भावना, क्रांतिकारी सोच, साहस और शहादत बेमिसाल है। उधम सिंह ने जलियांवाला बाग के नृशंस हत्याकांड का बदला लेने के लिए दुश्मन के देश में पहुंच कर अपना संकल्प पूरा करके शहादत दी। वे साम्राज्यवादी लूट, शोषण के प्रति आक्रोश से भरे थे और सामाजिक बदलाव के लिए साम्राज्यवादी शासन को समाप्त कर देना चाहते थे। समानता-न्याय आधारित समाज उनका सपना था।

उधम सिंह का जन्म 26 दिसंबर, 1889 में पंजाब के संगरूर के तहत सुनाम में हुआ था। उनके पिता टहल सिंह व मां हरनाम कौर थी। टहल सिंह रेलवे में फाटकमैन की नौकरी के साथ ही खेती भी करते थे। जन्म के समय उधम सिंह का नाम शेर सिंह रखा था। शेर सिंह जब तीन साल का था तब मां का देहांत हो गया। शेर सिंह के एक



बड़े भाई भी थे- साधु सिंह। एक दिन शेर सिंह पर भेड़िये ने हमला कर दिया। इस घटना ने पिता को भयभीत कर दिया। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और दोनों बच्चों को साथ लेकर अमृतसर की ओर चल दिए।

साल 1907 में शेर सिंह जब आठ साल का था, अमृतसर जाते हुए पिता टहल सिंह की बीमारी से मृत्यु हो गई। हालांकि पिता ने मृत्यु से पहले एक व्यक्ति चंचल सिंह को शेर सिंह व साधु सिंह की जिम्मेदारी सौंप दी थी। चंचल सिंह के कहने पर दोनों को अमृतसर के सेंट्रल सिख अनाथालय में दाखिल मिला। अनाथालय में ही शेर सिंह को उधे सिंह और बड़े भाई साधु सिंह को मुक्ता सिंह नाम से जाना जाने लगा। यहां उधम सिंह ने करीब दस साल बिताए व मैकेनिक का काम सीखा। उधम सिंह धार्मिक-राजनीतिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेने लगे। साल 1917 में उधम सिंह के बड़े भाई साधु सिंह का भी देहांत हो गया।

13 अप्रैल, 1919 को बैसाखी के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में इकट्ठे हुए हजारों निहत्थे लोगों पर अंग्रेजों ने जनरल डायर के नेतृत्व में गोलियां बरसा दी। जान बचाने के लिए बड़ी संख्या में लोग कुंए में कूद गए। सैकड़ों लाशें कुंए से निकली। इस नृशंस हत्याकांड के बारे में सुनकर उधम सिंह का खून खौल गया। उन्होंने इस घटना का बदला लेने का संकल्प किया। वह क्रांतिकारी गतिविधियों में हिस्सा लेने लगे। साल 1927 में अमृतसर में पुलिस ने उधम सिंह से पिस्तौल और गदर पार्टी का साहित्य बरामद किया। उन्हें पांच साल की सजा दी गई।

उधम सिंह ने जीवन में समय-समय पर अपने कई नाम रखे। 20 मार्च, 1933 को लाहौर से 34 साल की आयु में शेर सिंह ने नए उधम सिंह नाम से अपना पासपोर्ट बनवाया। तभी से वे उधम सिंह के तौर पर जाने जाने लगे और आजादी की लड़ाई में यही नाम उनकी पहचान बन गया। उधम सिंह अफ्रीका, नैरोबी, ब्राजील और अमेरिका होते हुए 1934 में ब्रिटेन पहुंचे। वहां अलग-अलग जगह रहकर मोटर-मिस्त्री, कारपेंटर व ड्राइवर के रूप में अनेक कार्य किए। वहीं फिल्मों में भी काम किया।

जलियांवाला हत्याकांड के 21 साल बाद लंदन स्थित कैक्सटन हॉल में 13 मार्च, 1940 को आयोजित एक समारोह में उधम सिंह को बदला लेने का मौका मिला। जलियांवाला बाग में गोलियां चलवाने वाला जनरल डायर तो बीमारी के कारण पहले ही मर चुका था। हत्याकांड के समय पंजाब का गवर्नर माइकल ओडवायर था, जिसे समारोह में आना था। उधम सिंह किताब के बीच में पिस्तौल छुपाकर ले गया। वहां उधम सिंह ने गोलियां चलाई व ओडवायर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गिरफ्तारी के बाद पुलिस को दिए बयान में उधम सिंह ने अपना नाम मोहम्मद सिंह आजाद बताया। कुछ लेखकों ने यह नाम राम मोहम्मद सिंह आजाद बताया है।

# राधे कृष्ण मूंगड़ मंदिर में चल रही श्रीमदभागवत महापुराण

## परमात्मा सत्य भी है चित भी है और आनंद के समुद्र भी है: पंडित सुदर्शन शास्त्री



**कमल मालवीय**

तराना (चम्बल नवराष्ट्र)। राधे कृष्ण मुंगड मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा के चतुर्थ दिन में व्यास पंडित सुदर्शन शास्त्री रामानुज कोट ने वर्णन करते हुए बताया कि परमात्मा सत्य भी है चित भी है और आनंद के समुद्र भी है इसलिए परमात्मा भक्तों को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए जीवन में प्रकाश एवं भक्तों को आनंद के समुद्र में डुबकी लगवाने के लिए इस धरा धाम पर पधारते हैं इस उत्सव में महिला मंडल के द्वारा बड़े ही धूमधाम से नंद उत्सव मनाया गया इस कि जानकारी मंदिर के पुजारी देवनारायण व्यास ने दी।

योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर प्रशासन के सख्त तेवर....

# जिला पंचायत सीईओ ने समीक्षा बैठक में दो सचिवों को किया निलंबित, एक सचिव सहित चार रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** शासकीय योजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत के नुमाइंदों की अब खैर नहीं है। ग्राम पंचायतों के ऐसे लापरवाह और भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए अब प्रशासन ने सख्त तेवर अपनाए हैं।बुधवार को मुंगावली में आयोजित जनपद पंचायत की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने कई ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायकों पर कार्रवाई की है। इस दौरान शासकीय योजनाओं में लापरवाही बरतने पर मुंगावली जनपद की अमोदा और सिलावन ग्राम पंचायत के सचिव पर निलंबन की गाज गिरी है वहीं चार ग्राम पंचायत के रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गया हैं।

मुंगावली के सामुदायिक भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन द्वारा जनपद की पीएम जनमन,गौशाला,अमृत सरोवर, वर्षा में पेयजल जनहित बीमारियों से बचाव की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । पंचायतों की आय में वृद्धि हेतु करारोपण करने,आय



के नवीन स्रोत सृजन करने का भी प्रशिक्षण दिया गया।

## इन कर्मचारियों पर गिरी कार्रवाई की गाज

समीक्षा बैठक के दौरान कई ग्रामों के सचिव और रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। जिनमें राजेन्द्र सिंह गौर रोजगार सहायक सोनाखेड़ी, कदीर कुरैशी रोजगार सहायक सिलावन, देवेन्द्र सिंह गुर्जर,रोजगार सहायक अमोदा, सोरम सिंह अहिरवार रोजगार सहायक बामौरी टांका, अरविंद यादव सचिव ग्राम पंचायत जसैया को कारण बताओ नोटिस तो वहीं धनपाल यादव सचिव ग्राम पंचायत अमोदा, राजेंद्र सिंह रघुवंशी सचिव ग्राम पंचायत सिलावन को निलबिंत कर दिया गया है। इसके अलावा बैठक में कई मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई और शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में कोई लापरवाही न बरतें इसके भी निर्देश दिए गए हैं वही जिला पंचायत सीईओ डाक्टर नेहा जैन बैठक में बहुत ही सख्त नजर आई और और तत्काल ही लापरवाही बरतने वाले सचिव और रोजगार सहायक को नोटिस दिए गए जिसको देखकर लगा की ऐसी कार्यवाही पहली बार हो रही है। यह कार्यवाही मनरेगा में लापरवाही बरतने और आयुष्मान कार्ड को लेकर की गई है। उल्लेखनीय रहे की इस बार ग्राम पंचायतों में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार की शिकायते प्रशासन को मिली थी और उसमे भी मनरेगा का मुद्दा पूरे सीजन छाया रहा है जिसपर आज समीक्षा बैठक में ऐसी कार्यवाही देखने को मिली है।



### ग्राम पंचायत सिलावन में खेत तालाब में भ्रष्टाचार, सरपंच का पुत्र पढ़ाई के साथ कर रहा मजदूरी

ग्रामीणों का आरोप-पांच लाख के खेत तालाब में खोद दी छोटी सी डबरी, जनपद के अधिकारी कर रहे लीपापोती

अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा किस कदर पद का दुरुपयोग किया जा रहा है इसकी बानगी मुंगावली जनपद की ग्राम पंचायत सिलावन में देखने को मिली है। सिलावन में ग्राम पंचायत के नुमाइंदों द्वारा खेत तालाब योजना के नाम पर छोटी छोटी डबरियां खोद दी गई हैं। जबकि इनकी लागत पांच लाख रुपए बताई गई है। शासन के नियम अनुसार 5 लाख तक की लागत से खेत तालाब बनाया जाता है मगर ग्राम पंचायत सिलावन में जो तालाब बनाए गए हैं वह छोटी डबरी जैसे प्रतीत होते हैं इन तालाबों को कागजों में पूर्ण कर दिया गया है लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि तालाबों को जिस माप एवं पैमाने के आधार पर बनाया जाना चाहिए था ऐसा नहीं बनाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन के नियमानुसार खेत तालाब का आकार लगभग पंद्रह हजार फीट के करीब रहना चाहिए लेकिन पंचायत द्वारा उसे इससे आधे हिस्से में भी नही बनाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार कुछ दिन पहले जनपद पंचायत की एक टीम ग्राम में पहुंची थी जिसने खेत तालाब का निरीक्षण किया था। जब इस मामले उपयंत्री दिलीप राठौर से बात की गई तो उनका कहना था की हम ग्राम में हो रहे कामों को देखने के लिए गए थे जबकि जिस खेत तालाब की लोग बोल रहे है वह अभी बारिश की वजह से उसका काम पूरा नहीं हुआ है और निर्माण प्रगतिशील है।

**सरपंच ने दोनों पुत्रों से मनरेगा में कराई मजदूरी**

ग्रामीणों से चर्चा में ग्राम पंचायत सिलावन के सरपंच की एक और करामात सामने आई। दरअसल सरपंच ने अपने दोनों पुत्रों को मनरेगा में मजदूरी करना बताया है दोनों पुत्रों के नाम से मस्टर भरे जा दे हैं और मजदूरी की राशि निकाली जा रही है।हैरान करने वाली बात तो यह है कि एम सरपंच के दोनो पुत्र गांव से बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं ऐसे में वह गांव में रहकर मजदूरी कैसे कर सकते हैं। इस मामले की जांच होने पर पंचायत में हो रहे घोटाले सामने आ सकते हैं।

**क्या बोले जिम्मेदार**

हमने कुछ दिनों पहले उक्त पंचायत में काम का निरीक्षण किया था जिसमे खेत तालाब भी था जिसका बारिश की वजह से कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है उसे पूरा करने को कहा गया है यदि यह कार्य पूर्ण बताया है तो उसे दिखवा लिया जाएगा।

दिलीप राठौर
उपयंत्री आरईएस मुंगावली

मनरेगा में काम तो कर ही रहे है, मगर पढ़ाई का हमें नही पता। शनिवार या रविवार को कही चले जाते है वैसे वह लोग ग्राम में ही रहते है।

राजेंद्र सिंह रघुवंशी
ग्राम पंचायत सचिव
सिलावन

## सात दिवस में जबाव नहीं तो होगी कठोर कार्यवाही

बैठक के दौरान चार रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जिसमे कहा गया की सात दिवस में जबाव देना होगा नही तो सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी या फिर वेतन भी काटा जा सकता है। हालांकि भीजो नोटिस जारी किए गए हैं उसमे जबाव का कोई समय नहीं दर्शाया गया है जबकि जनपद सीईओ अशोक कुमार शर्मा का कहना है की नोटिस में नही दिया है मगर उसको सात दिवस में जबाव मांगा गया है और जबाव नहीं देने पर सेवा समाप्ति के साथ वेतन भी काटा जा सकता है।

## जिला पंचायत के सख्त तेवर बने चर्चा का विषय

बुधवार को आयोजित की गई समीक्षा बैठक के बाद हुई कार्यवाही में अब चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि लोगो का कहना है की जहा तत्काल ही इतनी बड़ी कार्यवाही कर तुरंत नोटिस जारी कर दिए गए और सात दिवस में जवाब भी मांगा गया है लेकिन कही यह कार्यवाही हमेशा की तरह नोटिस तो सीमित होकर न रह जाए क्योंकि नोटिस देते समय तो लापरवाही दिखती है मगर जबाव ऐसा केसा दिया जाता है जिससे उनकी लापरवाही दूर हो जाती है जिससे लोगो का कहना है कि जहा नोटिस जारी की जानकारी दी जाती है वही जवाब की जानकारी भी सार्वजनिक रूप से सामने आना चाहिए।

***चम्बल नवराष्ट्र की खबर का हुआ असर, सिलावन के सचिव निलंबित, जीआरएस को नोटिस***

समीक्षा बैठक में सिलावन पंचायत सचिव पर हुई कार्रवाई के बाद खबर का असर भी देखने को मिला। दरअसल सिलावन पंचायत के सरपंच द्वारा मनरेगा एवं खेत तालाब योजना में किए गए भ्रष्टाचार को लेकर मंगलवार को दैनिक चम्बल नवराष्ट्र में एक खबर प्रकाशित की गई थी। इसी खबर को लेकर पंचायत सचिव राजेंद्र सिंह रघुवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है वही रोजगार सहायक कदीर कुरेशी को भी मनरेगा में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## क्या बोले जिम्मेदार-

कार्य में लापरवाही एवं न्यूनतम प्रगति के कारण अमोदा और सिलावन के सचिव को मौके पर ही निलंबित किया गया है। चार रोजगार सहायक को संविदा समाप्ति के कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है।

**डॉ नेहा जैन सीईओ**
**जिला पंचायत अशोक नगर**

## सीईओ जिला पंचायत ने किया फार्म हाउस मर्दनखेड़ी का भ्रमण

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन द्वारा बुधवार को चंदेरी के ग्राम खैराई में उन्नतशील कृषक आनंद जोशी के फार्म हाउस का भ्रमण किया गया। कृषक द्वारा आधुनिक खेती के साथ-साथ एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाई जा रही है। जिसमें जैविक खाद के लिए बायोगैस प्लांट ,वर्मी कंपोस्ट यूनिट, कृषि यंत्रों में स्प्रिंकलर सेट,मल्टीक्रॉप हार्वेस्टर, सीड ग्रेडिंग मशीन, स्ट्रारीपर एवं सोलर पैनल का अवलोकन किया गया।



# सेवानिवृत कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ समाज एवं देश का निर्माण करें: कलेक्टर

माह जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** जुलाई माह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी अपने आने वाले नये जीवन में नैतिक परिवर्तन लाकर अपने कर्तव्य का पूर्ण जिम्मेदारी से निर्वहन कर समाज एवं देश का बेहतर निर्माण करें। इस आशय के विचार कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत शासकीय सेवकों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन इस जिले में किया जाना अच्छी परम्परा है। साथ ही पिछले महीने सेवानिवृत्त कर्मचारियों पीपीओ जारी किये जाने में जिला कोषालय का बेहतर सहयोग रहता है। उन्होंने कहा कि आपके अनुभव एवं कर्तव्य से प्रेरणा लेते हुए समय समय पर आपका सहयोग लेते रहेगें। उन्होंने सभी सेवानिवृत कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य एवं स्वास्थ्य जीवन की कामना की।



**पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पौधे भेंट कर किया नवाचार:** सम्मान समारोह में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा सेवानिवृत्त 20 शासकीय सेवकों को पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पौधे भेंट कर पर्यावरण का संदेश दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि पौधरोपण के पश्चात उसकी सुरक्षा करना महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने अपेक्षा की कि पेड पौधे लगाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। सम्मान समारोह में कलेक्ट्रेट अशोकनगर से शरीफ खान,पीएचई विभाग से सतीश कुमार जाटव,पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हरि सिंह,बीईओ कार्यायल अशोकनगर से बाबू लाल धनौरिया,चिरोजी लाल मांदरे,नरेश कुमार नामदेव,बीईओ कार्यालय ईसागढ़ से कालूराम जाटव,कमल सिंह जाटव,महेन्द्र सिंह यादव, रमेश सिंह रघुवंशी,सुरेन्द्र कुमार आर्य,बीईओ कार्यालय मुंगावली से सुरेश कुमार यादव, छोटे सिंह दांगी,बीईओ कार्यालय चंदेरी से भागीरथ सिंह नरवरिया,श्री देवेन्द्र कुमार महेश्वरी,सिविल सर्जन अशोकनगर से अनिल कुमार सिंह,पशुपालन विभाग से जय सिंह नरवरिया,अनिल सिंह रघुवंशी,हेण्डलूम चंदेरी से गोपाल दास कोरी तथा अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से ज्ञानचंद बनथरिया को सेवानिवृत्त होने पर शॉल श्रीफल एवं पौधे देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार माह जून में सेवानिवृत्त हुए 10 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदाय किया गया।

# तूमैन में चचेरे भाई ने मारी गोली, लेबर ले जाने को लेकर हुआ था विवाद

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** कचनार थाना क्षेत्र के ग्राम तूमैन में बुधवार को एक व्यक्ति ने अपने ही चचेरे भाई को गोली मार दी, गोली उसकी जांघ में लगकर आरपार हो गई। बाद में परिजन घायल को जिला अस्पताल लाए, जहां से घायल को भोपाल रेफर किया गया है।50 वर्षीय हरजीत सिंह पुत्र करनेल सिंह ने बताया कि वह अपने खेत में धान की पौध लगवाने के लिए मजदूर लेने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान उसका चचेरा भाई रघविंदर सिंह भी वहां आ गया और जिन



मजदूरों को मैं लेकर आ रहा था उन्हीं मजदूरों को ले जाने की बात करने लगा। इसी बात पर से विवाद हो गया। विवाद के दौरान रघविंदर ने बंदूक से फायर कर दिया जो कि उसकी जांघ में आकर लगा। घायल हरजीत सिंह ने जिला अस्पताल में उपचार कराने के दौरान बताया कि मैंने रघुविंदर से कहा भी कि हम दोनों आधे-आधे मजदूर ले चलते हैं लेकिन वह इस बात पर राजी नहीं हुआ। बाद में वह मंदिर के पास अपने एक साथी के साथ आया और उसने आते ही बंदूक से फायर कर दिया।

## फल एवं सब्जियों के लिए नमूने

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)**

FSSI द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में फलों एवं सब्जियों में पेस्टीसाइड एवं हानिकारक तत्वों की जांच हेतु जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक ने बुधवार को शहर में सब्जी एवं फल विक्रेताओं की दुकानों एवं ठेलों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा पुराना बस स्टैंड अंबेडकर पार्क स्थित अजीज सब्जी विक्रेता से करेला, पत्तागोभी, भिंडी, शिमला मिर्च तथा लौकी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी क्रम में विदिशा रोड स्थित भारत फ्रूट से नाशपाती, मौसंबी,अनार तथा बब्बूगोशा का नमूना जांच हेतु लिया गया। सभी जांच नमूने स्नस्स्ड्ढ द्वारा अधिकृत खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक ने बताया कि यह कार्रवाई स्नस्स्ड्ढ द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार समय-समय पर की जाएगी। फल एवं सब्जी विक्रेता खाद्य पदार्थों के विक्रय हेतु आवश्यक पंजीयन अथवा लाइसेंस हेतु अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन केंद्र पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।



## वृद्धाश्रम में आयुष शिविर का आयोजन

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।**



जिला मुख्यालय के मोहरी रोड स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद धाकरे द्वारा वृद्ध आश्रम में निवासरत 25 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान अस्वस्थ बुजुर्गजनों को पैरामेडिकल स्टॉफ के द्वारा निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया।

# सरपंच पति का धमकाते हुए वीडियो वायरल, रिटायर्ड आबकारी अधिकारी के साथ जमीन विवाद का मामला, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** दतिया अपने 15 साल पिछले माहौल में नजर आने लगा है जहां अपराधी किस्म के लोग अब खुलेआम व्यापारियों के घर जाकर जान से मारने की धमकी देते हुए नजर आने लगे हैं, आलम यह है कि अब उनको पुलिस का कोई ख़ौफ़ नही है,कईआपराधिक मामले दर्ज हैं कमल सिंह उर्फ बल्ली कमरिया पर अब आलम यह हो गया कि बल्ली कमरिया जो कि रामकिशोर गुप्ता की जमीन बटाई से लिया था अब घर में जाकर उनको और उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी देता हुआ वायरल वीडियो में नजर आ रहा है दतिया में कानून का कोई भी ख़ौफ़ अपराधियों में नजर नहीं आ रहा है,दरअसल मध्य- प्रदेश के दतिया में एक सन सनी खेज मामला सामने आया है। यहां पकोड़ियां महादेव मंदिर के पास रहने वाले रिटायर्ड सहायक जिला आबकारी अधिकारी को जमीनी विवाद के चलते सरपंच पति का धमकाते हुए वीडियो वायरल हुआ है।




वीडियो देर शाम सामने आया है। वही कोतवाली पुलिस ने कर्मचारी की शिकायत पर मंगलवार रात मामला दर्ज कर जांच शुरू के दी है।पकोड़ियां महादेव निवासी रामकिशोर गुप्ता सहायक जिला आबकारी अधिकारी के पद पदस्थ थे। जो अब रिटायर्ड हो चुके है। कर्मचारी के मुताबिक, उनकी खेती की 30 बीघा जमीन दतिया हवाई पट्टी के पास है। उक्त जमीन उन्होंने खेरी के वर्तमान सरपंच पति बल्ली उर्फ कमल सिंह कमरिया को बंटाई पर दी थी।आरोप है कि बल्ली ने एक साल तो रूपए दिए। इसके 6-7 साल से न तो खेती के रूपए न ही बंटाई में कुछ दिया। पेशे मांगने पर उसने कहा यह खेत मेरा हो गया है। तुम जमीन मेरे नाम करा दो और खेत पर आने की सोचना भी मत।वायरल वीडियो 52 सेकंड का है। जिस में आरोपी बल्ली कमरिया कहते नजर आ रहे है कि, इस मामले को सुलटा लो। में कसम खाता हूं में कत्ल कर दूंगा। तुम्हारा नहीं तुम्हारे बच्चो का मैं बात का बिल्कुल पक्का हूं। मैं मर सकता हूं पर झुक नहीं सकता जीवन भर यह मेरा वादा है। हालांकि इस पूरी बातचीत के दौरान रिटायर्ड कर्मचारी शांत नजर आ रहे हैं। पुलिस ने बताया कि रिटायर्ड सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने खेरी सरपंच पति के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया था। जिस की जांच कर आरोपी बल्ली पर मामला दर्ज किया गया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# शिक्षक समाज निर्माता होते है- पटसरिया

**नरगढ़ प्राइमरी स्कूल से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक बृजेन्द्र शर्मा को दी भावभीनी विदाई**



**दतिया/( चम्बल नवराष्ट्र )** कस्वा उनाव से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम नरगढ़ के प्राइमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक बृजेन्द्र शर्मा को सेवानिवृत्त होने पर ग्रामवासियों ने भावभीनी विदाई दी। बिदाई कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप से भागवताचार्य राजेश्वर पटसरिया उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच नाथूराम यादव नन्ना ने की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए शिक्षक बृजेन्द्र शर्मा का शाल,श्रीफल स्म्रति चिन्ह एबं उपहार भेटकर भावपूर्ण ढंग से सम्मान किया गया।

नरगढ़ गाँव के प्राइमरी स्कूल परिसर में आयोजित बिदाई कार्यक्रम समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भागवताचार्य राजेश्वर पटसरिया ने अपने उदबोधन में कहा शिक्षक प्रबुद्ध मानबीय समाज का अभिन्न अंग होते है ।समाज मे अच्छे नागरिको को गढ़ने की जिम्मेवारी गुरुजनों की ही होती है। इसीलिए शिक्षकों को समाज का निर्माता कहा गया है।जिस समाज मे अच्छे शिक्षक होंगे उस समाज मे श्रेष्ठतम नागरिकों का निर्माण भी होगा।अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व सरपंच नाथूराम यादव नन्ना ने कहा कि हमे जीवन मे सदैव गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए।क्योकि गुरुजनों के आशीर्वाद से ही हर कोई ऊँचाइयों पर पहुँचता है।उन्होंने रिटायर हुए शिक्षक शर्मा को मधुर व्यवहार का प्रतिबिंब बताया।

इस अवसर पर मुख्य से शिक्षक केशव किशोर यादव,पूर्व जनपद सदस्य दिनेश शुक्ला, महेश पंडा, सुरेश बाडेकर,अलख पंडा, झज्जू पंडा,अखिलेश शर्मा, राकेश सोंनी, अभिराम शर्मा, रज्जन नेता, राकेश यादव, सुलतान परिहार, राजन सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## जूनियर डॉक्टरों की हड़तालए इंटर्नशिप बढ़ाने की मांग जारीए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**दतिया।** मध्यप्रदेश के डठठै इंटर्नशिप करने वाले जूनियर डॉक्टर अपने मासिक देय राशि को लेकर सोमवार से हड़ताल पर चले गए है। वही हड़ताल के समर्थन में दतिया मेडिकल कॉलेज के 119 जूनियर डॉक्टर बुधवार को भी हड़ताल पर डटे रहे। सभी डॉक्टरर्स न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।हां उन्होंने धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। लाइए योजनाएं हजारएहमें भी दीजिए तीस हजारए बांट रहे हो जब मुफ्त 300 करोड़ए तो हमे आश्वासन दो न्याय काए करो वेतन तीस हजार यही हमारी मन की बात जैसे नारों से पूरा कलेक्ट्रेट परिसर गूंज गया।ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया किए वह सभी चिकित्सा सेवा के अंतर्गत डठठै इंटर्न है। जिनके लिए मध्य प्रदेश सरकार उन्हें मासिक देय राशि 13 हजार 409 रुपए देती है। यह राशि हमारी जिम्मेदारियों और चिकित्सा सेवा में हमारे योगदान के अनुपात में काफी कम है।वर्तमान में हमें अपनी दैनिक आवश्यकताओं जैसे किरायाए भोजनए परिवहन और अध्ययन सामग्री को पूरा करने में गंभीर कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस वित्तीय दबाव के कारण हमारी कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जो स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। मानदेय को अन्य राज्यों में मिलने वाले मानदेय की तरह किए जाने की मांग की गई है।

## 31 जुलाई तक जिले में कुल 276 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दतिया।** अधीक्षक भू.अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2024 से 31 जुलाई 2024 तक जिले में कुल 276 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें दतिया में 425 मिण्मीण्ए सेवढ़ा में 230 मि.मी. भाण्डेर में 164 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में कुल 285 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस दिनांक को जिले में कुल 291.23 मिण्मी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें दतिया में 371 मि.मी. सेवढ़ा में 165 मि.मी.भाण्डेर में 290 मि.मी.और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 338.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। दिनांक 31 जुलाई 2024 को जिले में कुल 10.50 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें दतिया में 30 मि.मी. सेवढ़ा मं 12 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि भाण्ड़ेर एवं इन्दरगढ़ नया केन्द्र में वर्षा की स्थिति निल रही। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में कुल 6.75 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें में सेवढ़ा में 18 मिमी. इन्दरगढ़ नया केन्द्र में कुल 9 औसत वर्षा दर्ज की गई थी जबकि दतिया और भाण्ड़ेर में वर्षा की स्थिति निल रही थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 870.8 मि.मी. है।

## राजस्व महा.अभियान 2.0 के तहत् कलेक्टर एसडीएम न्यायालय का निरीक्षण किया

**दतिया।** शासन के निर्देशानुसार राजस्व महा.अभियान 2ण्0 के अंतर्गत कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने राजस्व अधिकारी न्ययालय दतिया का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर संदीप माकिन ने निरीक्षण के दौरान राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरणों का अवलोकन किया साथ ही उन्होंने आरसीएमएस के दर्ज प्रकरणए पूर्व आदेशो खसरों एवं नक्शों में अमलए लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरणए नामांतरणए बटवाराए अभिलेख दुरूस्ती करणए नक्शे में तरमीम स्वामित्व फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों के संबंध में निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर विनोद भार्गवए एसडीएम दतिया ऋषि कुमार सिंघई सहित तहसीलदार तथा अन्य अधिकारीए कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दतिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारी. कर्मचारियों को दी विदाई

**दतिया।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय दतिया में सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी.कर्मचारियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के दौरान मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे उपस्थित रहे।विदाई समारोह के अवसर पर एसपी वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने जिला पुलिस दतिया से 31 जुलाई बुधवार को पुलिस विभाग को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान करते हुए




अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए यह पुलिस कर्मी हुए सेवानिवृत. उनि ;अद्ध राजबहादुर सिंह कुशवाहए उप निरीक्षक सैयद साबिर अलीए सउनि मेहमूद खानएसउनि संतोष कुमार पुरोहितएप्रधान आरक्षक शंभूदयाल को शुभकामना संदेशए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसपी वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवानिवृत्त उपरांत आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।इस मौके पर सूबेदार अजय वर्माए उप निरीण् श्रद्धा राजा चौहान सहित कार्यालयीन स्टाफ एवं सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मनीष गुप्ता बने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सेवढ़ा

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से जयदेव शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सेवढ़ा के स्थान पर मनीष गुप्ता सहायक कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायत दतिया को अन्य आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सेवढ़ा का प्रभार सौंपा है। जयदेव शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सेवढ़ा को सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना जिला पंचायत दतिया में कार्य करने हेतु आदेश जारी किये है।

## धारा 144 के तहत् प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**दतिया।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूपए कुआंए बावड़ी जैसे पानी के स्त्रोत खुले ;बगैर बाउण्ड्रीद्ध रहते है। जिसके कारण आये दिन जनहानि एवं पशुहानि की घटनायें घटित होती हैए हाल ही में चिरूला टोल प्लाजा पर होने वाली घटना में टोल प्लाजा के नजदीक बगैर बाउण्ड्री का कुआ होने से दो व्यक्तियों की जनहानि हुई है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रोंए खेत.खलियानों पर स्थित पानी के स्त्रोतों की अनिवार्यत: कम से कम चार फुट उंचाई की बाण्ड्री बनाया जाना आवश्यक है। जिससे दतिया जिले की राजस्व सीमा के अंतर्गत होने वाली इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## मिशन शक्ति के तहत् जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द उपाध्याय के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में 29 जुलाई से 02 अगस्त 2024 तक जिले में ग्राम, वार्ड स्तर, आंगनबाड़ी स्तर एवं परियोजना अंतर्गत सामुदायिक भागीदारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज वार्ड क्रमांक 29 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों की जानकारी एवं जागरूकता के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय महिलायें, किशोरी बालिकायें, वार्ड बाल संरक्षण समिति सदस्य, शौर्यादल के सदस्य एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सहभागिता की गई।



विभाग द्वारा संकल्प हब फॉर इम्परामेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत् 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उन्हें शासन द्वारा उनके लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, लाड़ली बहना योजना, महिला हैल्प लाईन आदि की जानकारी दी जाकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी धीर सिंह कुशवाह एवं परामर्शदाता राजीव चौबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुशवाह ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, किशोर न्याय अधिनियम 2015, पाक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों पर विस्तार से जाकनारी दी एवं चौबे द्वारा बाल अधिकारों एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी दी। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमला योगी, आंगनबाड़ी सहायिका सपना अहिरवार एवं वार्ड की स्थानीय महिलायें प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, गुरुवार 01 अगस्त 2024




# पुलिस ने चक्का जाम करने वाले 5 कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के खिलाफ की एफआईआर दर्ज

**उज्जैन( चम्बल नवराष्ट्र )।** शहरवासियो की समस्या नगर निगम द्वारा निराकरण नहीं किए जाने के संबंध में मंगलवार को कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम के बाहर चक्का जाम किया था। जिससे कई लोगो परेशान हुए थे। बुधवार को पुलिस ने चक्का जाम करने वाले 5 कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। उज्जैन पुलिस ने कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्जकिया है। कांग्रेस नेता मंगलवार को नगर निगम का घेराव करने पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने चक्काजाम भी किया था।



शहर कांग्रेस कमेटी ने शहर में बारिश से सड़कों की दुर्दशा, आवारा पशुओं की समस्या, जलप्रदाय की अव्यवस्था, स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर नगर निगम का घेराव किया था।

# पिकअप और बाइक की टक्कर, हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**नागदा ( चम्बल नवराष्ट्र )।** नागदा के बेडावन्या गांव के पास स्टेट हाइवे 17 पर बुधवार दोपहर को पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार बटलावादी निवासी रघुवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए नागदा अस्पताल भेजा गया। ग्रामीण सूरज ने बताया कि बुधवार दोपहर को रघुवीर सिंह गमी में शामिल होकर अपने गांव बटलावादी लौट रहा था। इस दौरान पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी गई। घायल को नागदा के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है । खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि दुर्घटना कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी।



# तराना कृषि उपज मंडी के मंडी सचिव विजय मरमट ने सीएम हेल्पलाइन का बनाया मजाक सीएम हेल्पलाइन पर नहीं दे रहे ध्यान

**रविन्द्र राणावत**

**उज्जैन। (चम्बल नवराष्ट्र)** उज्जैन जिले की तराना तहसील के अंतर्गत आने वाली कृषि उपज मंडी तराना में दिनांक 26 5.2024 को सीएम हेल्पलाइन की गई थी इसके संबंध पर मंडी सचिव विजय मरमट द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है सीएम हेल्पलाइन का आए दिन मंडी सचिव मजाक बना रहे हैं मुख्यमंत्री के गृह जिले में होते हुए भी मंडी सचिव के हौसले बुलंद है सीएम हेल्पलाइन पर मंडी सचिव ध्यान नहीं दे रहे हैं और अपनी मस्ती में मस्त काम कर रहे हैं मंडी बोर्ड के उच्च अधिकारी भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे सूत्रों का कहना



है कि उच्च अधिकारियों की मिली भगत से उनके सब काम हो रहे हैं पूर्व में भी मंडी सचिव विजय मरमट को उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र चुनाव में किया गया था सूत्रों से पता चला है कि कई बार इन्हें अधिकारी द्वारा सूचना पत्र जारी किया गया लेकिन मंडी सचिव विजय मरमट ध्यान नहीं देता है और उच्च अधिकारी बचाने में लगे विजय मरमट का कहना है कि रु8 के अधिकारी ही जवाब डाल देते हैं मुझे डालने की जरूरत नहीं पड़ती है। मंडी बोर्ड के अधिकारी क्यों नहीं कर रहे इन पर कार्रवाई सूत्रों से पता चला है कि मंडी बोर्ड के अधिकारी और मंडी सचिव विजय मरमट का इसलिए कार्रवाई नहीं करते है कि वह उन्हें कहीं ना कहीं मिली भगत की बात होती है समय पर विजय मरमट मंडी भी नहीं पहुंचते हैं। विजय मरमट द्वारा मंडी के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण भी करवाया गया है लेकिन उन पर भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है

# जर्जर मकान पर खड़े होकर देखी महाकाल सवारी देखी, FIR दर्ज

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** उज्जैन में सोमवार को निकाली गई दूसरी सवारी के दौरान जर्जर मकान पर श्रद्धालुओं को सवारी देखने के लिए घर में जगह देने को लेकर पुलिस ने मकान मालिक पर कार्रवाई की है। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। घर में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग सवारी देखने के लिए खड़े नजर आ रहे हैं। सवारी के



दौरान जर्जर मकान में प्रवेश देने के मामले में केस दर्ज होने की यह संभवत: पहली कार्रवाई है। एडिशनल एसपी जयंत राठौर ने बताया कि सवारी मार्ग पर जर्जर मकानों के आसपास भी लोगों को खड़ा नहीं होने की हिदायत दी गई है। नगर निगम द्वारा संबंधित मकानों के आगे इस संबंध में पोस्टर भी लगाए गए है।

# पीएम श्रीपर्यटन वायुसेवा की उज्जैन के लिए उड़ान रविवार को: अगस्त माह से नया शेड्यूल जारी

## रविवार को भोपाल-उज्जैन-भोपाल-जबलपुर-उज्जैन-भोपाल को उड़ान भरेगी वायु सेवा



**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्य प्रदेश में पर्यटन सहित एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए शुरू की गई पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का अगस्त माह से विस्तार करते हुए नया शेड्यूल जारी किया गया है। भोपाल और जबलपुर से उज्जैन के लिए वायु सेवा को रविवार के दिन संचालित किया जाएगा। खजुराहो के लिए वायु सेवा का संचालन बुधवार, गुरुवार और शनिवार को होगा।

# टीकमगढ़ में इमारत में लगी आग, दो लोगों की मौत



**टीकमगढ़ (चम्बल नवराष्ट्र) ।** शहर में बुधवार तड़के एक रिहायशी इमारत में आग लगने से दो लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना घनी आबादी वाले कटरा बाजार इलाके में हुई। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि रिहायशी इमारत में मनोज जैन की कपड़े की दुकान व गोदाम था। जैन ऊपरी मंजिल पर रहते थे, जबकि उनके चाचा अपनी पत्नी के साथ घर के एक हिस्से में रहते थे। बुधवार तड़के बारिश के बीच जैन की दुकान में आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग और धुआं देखकर कुछ राहगीर और स्थानीय निवासी मौके पर जमा हो गए और जैन को जगाया। उन्होंने बताया कि जैन घर के पिछले दरवाजे से भागकर बाहर आ गए, लेकिन उनके चाचा देवेंद्र जैन और उनकी पत्नी सुलोचना बाहर नहीं आ सके और पूरी इमारत में आग लगने के कारण उनकी जलकर मौत हो गई।

# महालोक से मंदिर तक चलने वाली ई-कार्ट अनयंत्रित होकर बेरिकेट्स में घुसी,एक महिला श्रद्धालु घायल

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** महाकालेश्वर मंदिर के बाहर महाकाल महालोक से मंदिर तक चलने वाली ई-कार्ट बुधवार को अनियंत्रित होकर शंख द्वार पर सामान्य श्रद्धालुओं की कतार में जाकर घुस गई। दुर्घटना में दर्शन के लिए लाईन में लगी एक महिला श्रद्धालु घायल हुई है। वहीं ई-कार्ट में सवार तीन लोगों को चोट आई है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल महालोक बनने के बाद श्रद्धालुओं को महालोक में भ्रमण कराने और प्रोटोकाल से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के शंख द्वार



तक ई-कार्ट का उपयोग किया जाता है। बुधवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे कुछ लोगों को लेकर आ रही ई-कार्ट मंदिर के शंख द्वार के समीप घाटी पर बेकाबू होकर सामने लगे बेरिकेट्स में जा घुसी।

# बुजुर्ग दुकानदार पर जानलेवा हमला करने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलुस, बदमाशों की निकाली हेकड़ी



**रतलाम ( चम्बल नवराष्ट्र )।** स्टेशन रोड पुलिस ने लक्ष्मीनगर में बुजुर्ग दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दुकान में तोड़फोड़ करने के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित रेहान खान व उसके साथियों रोशन सोलंकी व अमन मीर का बुधवार को जूलूस निकाला।पुलिस ने बदमाशों की दादागिरी निकाली तथा तीनों को पैदल जुलूस के रूप में थाने से घटनास्थल तक ले गई और घटना की तस्दीक कराई। आरोपित कान पकड़कर चल रहे थे तथा उनसे ठीक से चला भी नहीं जा रहा था। मुख्य आरोपित के पैरों में चोट लगी हुई हुई थी। पुलिस का कहना है कि जब उसे पकड़ने गए थे तो भागने के दौरान वह गिर गया था।

**यह भी पूरी घटना:** उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई की शाम 72 वर्षीय किराना दुकानदार रमेशचंद्र पोखरना निवासी लक्ष्मीनगर अपनी किराना।

# जापान से ऐतिहासिक रैंकिंग हासिल कर लौटे खिलाडी: उज्जैन के तीनो खिलाड़ियों का चयन वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2025 के लिए हुआ

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जापान में हुई एशियन जम्प रोप प्रतियोगिता में उज्जैन के तीन खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक रैंक हासिल की है। बुधवार को तीनों खिलाड़ी लौटे तो बड़ी संख्या में अन्य खिलाड़ी कोच स्वागत करने रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जापान में 21 से 29 जुलाई तक हुई एशियन जम्प रोप चैम्पियनशिप में भाग लेकर उज्जैन के खिलाड़ी जुबिन लालावत, जयसिंह भाटी, नीरज आंजना 31 जुलाई को निजामुद्दीन ट्रेन से उज्जैन लौटे। कोच मुकुंद झाला के अनुसार आल इंडिया में जुबिन लालावत की 8वीं रैंक लगी जबकि जूनियर केटेगरी में जयसिंह और नीरज



आंजना की 12वीं रैंक रही। रैंक लगने से तीनों खिलाड़ी का चयन जापान में होने वाली वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2025 के लिए हुआ है। अब तीनों खिलाड़ी वर्ड चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाय कर गए है। जापान कावासाकी में खेली चैम्पियनशिप में 16 से अधिक देशों के 1 हजार से अधिक खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे। इन हजारो खिलाड़ियों में उज्जैन के तीनो खिलाड़ियों ने अपनी जगह टॉप 12 में बनाई है। जुबिन लालावत, जयसिंह भाटी, नीरज आंजना ने जापान कावासाकी में ऐतिहासिक रैंकिंग हासिल कर शहर का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों के उज्जैन लौटने पर ढोल नगाड़ों के साथ पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

राजधानी

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, गुरुवार 01 अगस्त 2024



# प्राचार्य ने छात्र को पीटा तो थाने पहुंचा मामला

## स्कूल के प्रिंसीपल ने छात्र को किसी बात से नाराज होकर पीट






### नाराज छात्र परिजनों के साथ थाने जा पहुंचा

प्रदीप कुमार प्रजापति ब्यूरो
7000536382



**विदिशा ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** सिरोंज के एक निजी स्कूल का छात्र लगड़ाते हुए सिरोंज थाने पहुंच गया। सुमित मीना कक्षा 10 का छात्र है। उसने पैंट उतारकर थाने में मौजूद हेड साहब को जांघ पर चोट का लंबा सा लाल निशान दिखाते हुए कहा कि प्रिंसीपल साब ने डंडे से मारा है । थाने से स्कूल फोन गया तो उन्हें थाने आना पड़ा। थाने में मौजूद सुमित ने कहा कि लंच टाइम में खेल रहा था, सर ने बुलाया और बिना किसी कारण के डंडे से मार दिया। पैर में दर्द हो रहा है खड़े होते नहीं बन रहा। वही प्रिंसिपल ने बताया कि सुमित का व्यवहार ठीक नही है न खुद पड़ता है न दूसरे विद्यार्थियों को पढ़ने देता है। सभी टीचर्स इसकी शिकायत करते है। इसको डंडे से नहीं छोटे से स्केल से मारा है। उनको पूछा कि नई शिक्षा नीति में बच्चों को मार नहीं सकते तो प्रिंसीपल ने अपने कृत्य के लिये खेद व्यक्त किया। लेकिन छोटे से स्केल से मारने से बड़ा निशान नही पड़ सकता जो दूसरे पैर तक भी जा पहुंचा है। थाने से सुमित को मेडिकल के लिये अस्पताल भेज दिया गया है। उसके बाद अग्रिम कार्यवाही होगी।

इस मामले पर संकुल प्राचार्य मनोज शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में निर्देश है कि छात्रों को मानसिक या शारीरिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। बच्चा कितना भी शैतान हो उसको मोटिवेट कर सुधारा जाए न कि दंड देकर।

# आईजी ने ली संभाग स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



- सभी जिलों के अपराधों की बिंदुवार समीक्षा की
- नए आपराधिक कानून के प्रचार प्रसार एवं जागरूकता अभियान पर दिया जोर



**इंदौर (चम्बल नवराष्ट्र)।**

दिनांक 31.07.2024 को अनुराग, पुलिस महानिरीक्षक, ग्रामीण ज़ोन, इंदौर द्वारा कार्यालय में संभाग स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक ली गई । जिसमें निमिष अग्रवाल, डीआईजी, इंदौर ग्रामीण रेंज, अतुल सिंह, डीआईजी निमाड रेंज एवं ज़ोन के समस्त जिलों के पुलिस अधीक्षकगण उपस्थित हुए । समीक्षा बैठक में आई जी अनुराग द्वारा प्रत्येक जिले के अपराधों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने शरीर संबंधी अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, गंभीर अपराध, चिन्हित अपराध, महिला संबंधी अपराधों के लंबित प्रकरण, लंबित चालान, खात्मा, खारिजी एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों को देखा और उक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए । पुराने लंबित शरीर संबंधी अपराधों के निराकरण हेतु विशेष टीम बनाई जावे एवं तकनीकी पहलुओं का प्रयोग करते हुए इन प्रकरणों का निराकरण किया जावे । संपत्ति संबंधी अपराधों के निराकरण एवं चोरी किए गए माल की रिकवरी हेतु विशेष प्रयास किया जावे तथा निराकरण एवं संपत्ति रिकवरी प्रतिशत बढ़ाने हेतु आसूचना तंत्र सक्रिय करें । लूट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए हाईवे पेट्रोलिंग तथा चोरी रोकने हेतु प्रभावी रूप से रात्रि - गस्त कराई जाने संबंधी निर्देश दिए। एससी एसटी एक्ट से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आईजी द्वारा अनुसंधानात्मक कार्यवाही के साथ-साथ राहत प्रकरण निर्धारित समय अवधि में भेजने हेतु समस्त एसपी को निर्देशित किया ।

# अफसरो के लिए कुर्सी और कूलर, महिलाएं नीचे बैठी रही

## विधायक, कलेक्टर के मंच पर दिखा अधिकारियों का पहरा

## लोक कल्याण शिविर में दिखा अव्यवस्थाओं का अंबार






**विदिशा ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जिले की तहसील सिरोंज की ग्राम पंचायत पथरिया में बुधवार को लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में कलेक्टर के आने की सूचना मिलते ही अपने शिकायती आवेदन लेकर बड़ी संख्या में अंचलों से लोग पहुंचे लेकिन लोक कल्याण शिविर में अव्यवस्थाओं का आलम यह था कि कलेक्टर से मिलने की आस लेकर आए कई लोग कलेक्टर साहब से मिल भी नहीं पाए उन्हें मजबूरी में अपना शिकायती आवेदन पंजीयन काउंटर पर देकर लौटना पड़ा । इस लोक कल्याण शिविर में अधिकारी और नेताओं की आओ भगत में कोई कमी नहीं रही उन्हें बैठने के लिए कुर्सी बड़े-बड़े कूलर, पंखे, फूल माला और पगड़ी कीभी व्यवस्था गई थी लेकिन महिला सशक्तिकरण,नारी सम्मान की बात करने वाले भाजपा नेताओं और अधिकारियों के सामने एक नहीं अनेकों हमारी लाडली बहनाए नीचे फर्श पर बैठी रही ।

# डेयरी प्रोडक्ट फैक्ट्री संचालक के घर-फैक्ट्री पर EOW का छापा, फर्जी तरीके से फूड प्रोडक्ट विदेश भेजने का आरोप

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने फर्जी तरीके से डेयरी प्रोडक्ट विदेश भेजने मामले में बुधवार को जयश्री गायत्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (पनीर फैक्ट्री) के मालिकों के ठिकानों पर छापा मारा है। 25 से ज्यादा अधिकारी भोपाल और सीहोर में 12 से ज्यादा ठिकानों पर कार्रवाई कर रहे हैं। टीम सुबह करीब 11 बजे पहुंची। इनमें शाहपुरा और 10 नंबर स्टॉप स्थित घर, दफ्तर और सीहोर स्थित फैक्ट्री भी शामिल है। यहां से अहम दस्तावेज और फाइलें जब्त की गई हैं। कंपनी के मालिकों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री के डायरेक्टर किशन मोदी हैं।



# युवक ने युवती पर चाकू से किया हमला,गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** नीमच कैंट थाना क्षेत्र से एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। जिसमें एक युवक ने एक युवती पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है और उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।



घटना कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गांधी वाटिका के बाहर की है। जहां 20 वर्षीय तस्लीम बोहरा नामक युवती पर एक युवक ने चाकू से हमला किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में युवती को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही कैंट पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा हमलावर युवक की तलाश की जा रही है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

# राहुल गांधी की जाति पर अनुराग ठाकुर के बयान ने भाजपा की सोच देश के सामने रख दी : कांग्रेस

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को बिना नाम लिए बयान दिया कि जिसकी जाति का पता नहीं, वो गणना की बात करता है। इस बयान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पलटवार किया है।उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर का बयान भाजपा की सोच को दर्शाता है।



जीतू पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सोच नफरत घृणा की नींव पर बनी हुई है। वो वर्ग जो ओबीसी, एससी एसटी की जातिगत जनगणना की बात करता है। वो देश के संसाधनों पर अपना हक मांगता है। गरीब अति गरीब अगर जनगणना के आधार पर हिस्सेदारी मांगता है तो यह भाजपा को रास नहीं आता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यह मुद्दा उठा रहे हैं। वो जातिगत गणना कराने की बात कर रहे हैं।

# पटवारी का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, पत्नी के हल्का क्षेत्र में किसान ने मांगी घूस

**छतरपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जिले के राजनगर तहसील क्षेत्र के कुरेला हल्का पटवारी राम अवतार अहिरवार का रिश्वत लेते एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है पटवारी की पत्नी भी पटवारी है, और उनके ही हल्का क्षेत्र के धमना के टोरिया गांव में किसान भगवान दास पटेल से जमीन सीमांकन करने के एवज में एक हजार की रिश्वत लेते कैमरे में कैद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार घूसखोर पटवारी राम अवतार अहिरवार कुरेला हल्का में पटवारी के पद पर नियुक्त हैं और उनकी पत्नी माया धमना ग्राम में पटवारी के पद पर पदस्थ हैं। जो रिश्वत लेने का वीडियो वायरल हो रहा है। वह धमना हल्का के टोरिया गांव का है, उसी ग्राम पंचायत में पटवारी की पत्नी भी पदस्थ हैं।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 ( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। )